# नए साल पर जेपी गंगा पथ का दीदारगंज तक होगा विस्तार

**सहूलियत**

पटना, हिन्दुस्तान प्रतिनिधि। नए साल में जेपी गंगा पथ का दीदारगंज तक विस्तार होगा। मैरिन ड्राईव (जेपी गंगा पथ) में गायघाट से कंगनघाट तक का निर्माण पूरा हो चुका है।

इस वर्ष कंगनघाट से कच्ची दरगाह का काम पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही दीघा से कच्ची दरगाह के बीच बनने वाले जेपी सेतु (पहला चरण) का काम पूरा हो जाएगा। इसके पूरा होने पर इस सेतु का कोईलवर से करजान के बीच विस्तारित किया जाना है जिसकी डीपीआर बनाई जा रही है।


पटना से उत्तर बिहार को जोड़ने के लिए बन रहा कच्ची दरगाह-विदुपुर छह लेन पुल भी चालू होगा। बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर से नई बाईपास सड़क की सौगात मिलेगी। जो कॉम्फेड और बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) के बगल से हवाई अड्डा थाना को जाएगी।

वहीं दानापुर के हाथीखाना मोड़ से चांदमारी गांव तक दो लेन की नई सड़क से भी आवागमन शुरू हो जाएगा। वहीं सिपारा-महुली एलिवेटेड भी चालू किया जाएगा। इसके लिए मीठापुर स्थित भूपतिपुर के समीप अप रैंप का निर्माण किया जा रहा है। इसके पूरा होते ही एलिवेटेड को चालू किया जाएगा।

**271** चार पहिया वाहन और 33 बस पार्किंग की सुविधा है मल्टीमॉडल हब में

## मल्टीमॉडल हब चालू होते ही स्टेशन पर जाम से मिलेगा निजात

मल्टीमॉडल हब में 33 बस और 271 चार पहिया वाहन के पार्किंग की सुविधा है। जंक्शन के समीप बने सब-से लोग लिफ्ट, ट्रैवलेटर, एस्केलेटर, सीढ़ी और रैंप सहारे मल्टीमॉडल हब में पहुंच सकेंगे। मल्टीमॉडल हब भू-तल सहित चार मंजिला है। यहां इलेक्ट्रिक बसों के चार्जिंग की भी सुविधा होगी। इसके चालू होते ही पटना जंक्शन पर लगने वाले भीषण जाम से निजात मिलेगा।



आकार लेने लगा प्राथमिक कॉरिडोर में शामिल आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन।

**271** वाहन खड़े होंगे मल्टीमॉडल हब पार्किंग में

**44.6** किमी लंबा होगा बख्तियारपुर-मोकामा ग्रीनफील्ड फोरलेन

## मार्च में तैयार होगा अशोक राजपथ का 3770 मीटर लंबा पुल

अशोक राजपथ में निर्माणाधीन डबल डेकर पुल मार्च में चालू हो जाएगा। जिससे लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी। वहीं पीएमसीएच जाने वाले मरीजों को भी सुविधा होगी। डबल डेकर पुल के दोनों तलों में संपर्क पथ सहित 3770 मीटर लंबे पुल का निर्माण किया जा रहा है। जिसके पहले तल में संपर्क पथ सहित पुल का निर्माण लगभग 1500 मीटर और दूसरे तल में 2270 मीटर लंबा होना है। इसके साथ ही पुल के पहले तल पर दो और दूसरे तल पर तीन संपर्क पथ का निर्माण होना है। जिसमें पहले तल को जोड़ने के लिए बीएन कॉलेज के पास 130 मीटर और पटना कॉलेज के पास 97 मीटर लंबे संपर्क पथ का निर्माण कर लिया गया है। वहीं दूसरे तल के लिए कारगिल चौक के समीप 80 मीटर, पटना विश्वविद्यालय सह कृष्णा घाट के समीप 76 मीटर और साइंस कॉलेज के पास 117 मीटर के संपर्क पथ का निर्माण होना है। जिसमें पटना विश्वविद्यालय सह कृष्णा घाट के पास संपर्क पथ बन कर तैयार है।